मांग | त्यागी तपस्वियों के लिए बने गाइडलाइन : अध्यक्ष स्टेट बार

# राष्ट्रीय सन्त सुरक्षा नीति बने : स्वामी राघवदेवाचार्य




फाईल फोटो

**नवभारत, जबलपुर।** पिछले दिनों रीवा में सड़क हादसे में पैदल विहार कर रहीं आर्यिका श्रुतमती माताजी की दर्दनाक मौत से जहां सन्त समाज दुखी है । वहीं न्यायविदों ने इस घटना को पूर्व नियोजित साजिश क़रार देते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कारवाई किए जाने की मांग की है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों रीवा में पैदल विहार कर रहीं जैन आर्यिका माताओं को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी का निधन हो गया, जबकि अन्य साध्वियां गंभीर रूप से घायल हुईं। घटना कलेक्ट्रेट और पुलिस कंट्रोल रूम के सामने हुई, जिसके बाद संत समाज, अधिवक्ताओं और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

स्वामी श्री राघवदेवाचार्य ने ये भी कहा कि राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए समर्पित त्यागी तपस्वियों के साथ इस प्रकार की घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक हैं। ऐसी घटनाएं न केवल समाज की संवेदनाओं को आहत करती हैं, बल्कि प्रदेश की कानून व्यवस्था एवं शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े करती हैं।उन्होंने कहा कि दोषियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश की तर्ज पर सख्त कानून और कठोर कार्रवाई की व्यवस्था लागू होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार के कृत्य करने का साहस न कर सके।

### इनका कहना है



बड़ा ही दर्दनाक हादसा था राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाना चाहिए। जिससे त्यागी तपस्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**स्वामी राघवदेवाचार्य जी महाराज**



दर्दनाक हादसा पूर्वनियोजित साजिश है। हादसे की गंभीरता से जाँच कर आरोपियों को सख्त सज़ा दी जाना चाहिए।

**धन्य कुमार जैन**
**अधिवक्ता उच्च न्यायालय**



पैदल विहार करने वाले साधु संतों के लिए शासन प्रशासन की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था होना चाहिए।

**व्यास राघवाचार्य जी महाराज**




सरकार को गाईड लाइन बनाना चाहिए।जिससे त्यागी तपस्वी संत महात्माओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**राधेलाल गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता**

## जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल का रेगुलर परिचालन शुरू

जबलपुर, नवभारत। रेल यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए रेल मंत्रालय ने वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 02134/02133 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को रेगुलर नम्बर से नियमित करके नए गाड़ी संख्या 20164/20163 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में नियमित संचालित करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन जबलपुर से 29 मई और बान्द्रा टर्मिनस से 30 मई से नियमित नम्बर से परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 20164 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 29 मई से प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से शाम प्रस्थान कर नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, नर्मदापुरम, और भोपाल के रास्ते बांद्रा जाएगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे।



## नदी में डूबने से युवक की मौत, रहस्यमय परिस्थितियों में चार दिन से था लापता



जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत गोपालपुर घाट पर गुरूवार को लापता युवक का शव उतराता मिला ।मृतक पिछले चार दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, छुई खदान गढ़ा निवासी राहुल बर्मन (26) बीते 24 मई की दोपहर करीब 3 बजे अपने घर से यह कहकर निकला था कि वह तिलवारा घाट जा रहा है। जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी संभावित ठिकानों पर तलाश की। कोई सुराग न मिलने पर राहुल के जीजा अमन बर्मन निवासी कठौंदा, माढ़ोताल ने तिलवारा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### तलाश के दौरान गोपालपुर घाट पर दिखा शव

परिजनों और पुलिस द्वारा लगातार की जा रही खोजबीन के बीच, गुरूवार को राहुल का शव तिलवारा से कुछ दूरी पर स्थित गोपालपुर घाट में नदी के पानी में उतराता हुआ पाया गया। मृतक के साले अमन बर्मन ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की।शुरुआती जांच में यह बात सामने अाई कि राहुल की मौत पानी में डूबने के कारण हुई है। पुलिस ने सूचना मिलते ही शव को नदी से बाहर निकलवाया और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मनी लाड्रिंग मामला : परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा ने फिर लगाई जमानत की अर्जी

**पत्नी की बीमारी का दिया हवाला, संभवत : अगले सप्ताह होगी सुनवाई**

**जबलपुर।** भ्रष्टाचार और मनी लान्ड्रिंग मामले में जेल में बंद परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा ने एक बार फिर हाई कोर्ट में जमानत की अर्जी दायर की है। शर्मा ने अपनी दूसरी जमानत अर्जी में दावा किया है कि उसकी पत्नी दिव्या तिवारी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। उनकी तत्काल सर्जरी जरुरी है और दो नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए परिवार में कोई अन्य जिम्मेदार व्यक्ति उपलब्ध नहीं है। अर्जी पर अगले सप्ताह सुनवाई संभावित है।

शर्मा ने अर्जी में कहा है कि उसकी पत्नी दिव्या तिवारी डिविएटेड नेजल सेप्टम और क्रोनिक साइनसाइटिस जैसी समस्या से पीड़ित हैं। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कहा गया है कि उन्हें तत्काल फंक्शनल



एंडोस्कोपिक साइनस सर्जरी की आवश्यकता है। यह भी कहा गया कि सर्जरी के बाद लंबे पोस्ट आपरेटिव केयर की जरुरत होगी और ऐसे समय में पति की मौजूदगी जरुरी है। उल्लेखनीय है कि ईडी और लोकायुक्त की जांच में सामने आया था कि सौरभ शर्मा ने कथित तौर पर अपनी करोड़ों की अवैध कमाई को छिपाने के लिए कई लोगों के नाम का इस्तेमाल किया। जांच एजेंसियों के अनुसार अविरल बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों में उसके दोस्त चेतन सिंह गौर, सहयोगी शरद जायसवाल और रोहित तिवारी को डायरेक्टर बनाया गया। रोहित तिवारी को उसका साला बताया गया है।इसके अलावा पत्नी दिव्या तिवारी, मां उमा शर्मा और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर भूखंड, मकान, पेट्रोल पंप, मछली पालन व्यवसाय, स्कूल प्रोजेक्ट और जमीनें होने के आरोप लगाए गए। जांच एजेंसियों के मुताबिक दुबई में करोड़ों का विला, भोपाल के आलीशान बंगले, ग्वालियर की जमीनें और इंदौर की आवासीय परियोजनाएं भी इसी नेटवर्क का हिस्सा थीं।

## बुजुर्ग महिला की नृशंस हत्या, खून से सना आंगन, कुएं में मिली लाश

**हनुमान नगर में वारदात छानबीन में जुटी पुलिस**



**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत हनुमान नगर अन्ना बाबा के पीछे बड़ा पत्थर में एक 75 वर्षीय महिला नृशंस हत्या कर दी गई। आंगन खून से सना था और कुएं में लाश पड़ी थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि कातिल द्वारा महिला पर हमला करने के बाद साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को घर के परिसर में स्थित कुएं में डाल दिया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौका-वारदात पर पहुंच गई और अहम साक्ष्य जुटाते हुए अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है।

जानकारी अनुसार सुनील शर्मा 55 वर्ष निवासी हनुमान नगर अन्ना बाबा के पीछे बड़ा पत्थर का किशन होटल के पास जनरल स्टोर्स की दुकान चलाता है उसके घर के बाजू में उसकी बड़ी बहन पुष्पा शर्मा 75 वर्ष निवासी हनुमान नगर अन्ना बाबा के पीछे बड़ा पत्थर की रहती थीं। 26 मई की रात लगभग 8 बजे अपने घर सोने के लिये चली गयीं थीं, 27 मई की रात लगभग 9 बजे तक घर के बाहर नहीं आयी तो परिजन चिंतित हो गए थे ।

### हर तरफ मिले खून के धब्बे घसीटने के निशान

वारदात को खौफनाक तरीके से अंजाम दिया गया। मौका-ए-वारदात पर हर तरह खून के धब्बे, घसीटने के निशान थे। थाना प्रभारी रांझी उमेश गोल्हानी ने बताया कि महिला का शव घर के आंगन में बने कुआ में उतरा रहा था खून के धब्बे कुआं के पास एवं घसीटने के निशान घर के अंदर तक बने हुये थे मुख्य गेट पर कपड़े गाउन, चादर एक जोड़ी चप्पल दरवाजे के पास पड़ी थी घर के बाहरी कमरे में लगा एक अंदर कमरे के फर्श व दीवाल में खून के छींटे , फर्स में खून, घसीटने के निशान थे। सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक रांझी सतीष कुमार साहू एफएसएल अधिकारी डॉक्टर अजय सिंह, मौके पर पहुंचे थे।

### संदेहियों से पूछताछ

पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है । हत्या किसने और किन कारणों से की है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मामले की जांच कर रही है । हर एंगल पर तफ्तीश चल रही है । पुलिस का कहना है कि संदेहियों को हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है जल्द ही अंधी हत्या की गुत्थी सुलझा ली जायेगी।

### बाउण्ड्री कूदकर पहुंचे थे आंगन में

सुनील शर्मा मित्र महेश तिवारी, छोटे महराज, प्रमोद अग्रवाल, राकेश कटरे छुट्टू नामदेव के साथ बहन के घर पहुंचा। घर के बाहर बाउण्ड्री के गेट अंदर से बंद था बाउण्ड्री के उपर से सभी लोग अंदर आंगन में आये कमरे के गेट का एक पल्ला खुला हुआ था अंदर जाकर देखा तो खौफनाक दृश्य दिखा। कमरे में फर्श व दीवाल पर खून के निशान व खून के घसीटने के निशान बने थे मुख्य गेट पर कपड़े गाउन चादर एक जोड़ी चप्पल दरवाजे के पास पड़ी थी सभी लोग खून के घसीटने के निशान को देखते हुये आंगन में कुएं तरफ गये देखा पुष्पा शर्मा का शव कुएं के अंदर पानी में उतरा रहा था जिसकी मौत हो चुकी थी।

## करंट से मौत के मामले में पूर्व तहसीलदार, कर्मचारी गये जेल

**निसर्ग वॉटर फॉल में लापरवाही के करंट ने ली थी युवक की जान**

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत बरगी मार्ग के समीप नेंगई सिरौरा स्थित निसर्ग वॉटर फॉल में 24 मई को स्वीमिंग पूल में लगे स्लाइडर के पोल में लापरवाही के करंट आने से हुई युवक की मौत के मामले में गिरफ्तार किए गए पूर्व तहसीलदार, कर्मचारी को गुरूवार को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

विदित हो कि 24 मई को विनीत विश्वकर्मा 33 वर्ष निवासी कांचघर नई बस्ती घमापुर का दोस्त नीरज मेहरा, अभिषेक सेन, साजन विश्वकर्मा चारों निसर्ग वॉटर फॉल स्विमिंग पूल ग्राम सरौरा में नहाने के लिये दोपहर लगभग 3.30 बजे आये थे जहां रसीद लेने के बाद चारों निसर्ग के स्वीमिंग पूल में चारों लगभग 4 बजे नहा रहे थे। नहाते हुऐ साजन दूसरे पूल में जाने के लिये स्विमिंग पूल के किनारे लगे लोहे के पाईप को पकड़े था जिसमें बिजली का तार लगा हुआ



आरोपी पूर्व तहसीलदार

था पकड़ते ही करंट लग गया। साजन विश्वकर्मा 20 वर्ष निवासी सुभाष नगर नई बस्ती झण्डा चौक रांझी को इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई थी।

### मैनेजर अब भी फरार

आरोपी निर्सग रिसोर्ट (वाटर फल) स्विमिंग पुल ग्राम सरोरा बरेला के मालिक एवं पूर्व तहसीलदार विवेक त्रिपाठी, मैनेजर मनीष पटेल, कर्मचारी नीलेश कुमार पटेल के खिलाफ पुलिस ने धारा 105, 106(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है । विवेक त्रिपाठी 53 वर्ष निवासी गढ़ा पुरवा थाना गढ़ा एवं नीलेश कुमार कुर्मी 34 वर्ष निवासी ग्राम घाना कला थाना मझौली को अभिरक्षा में लेते हुये न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है जबकि मनीष पटेल अब भी फरार है जिसकी तलाश जारी है।

### मदद से किया मना, मजबूर होकर घायल को बाइक से ले गए

पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए जिसमें यह बात भी सामने आई कि करंट लगने के बाद जब घायल साजन विश्वकर्मा को मदद के लिए पर्ची केबन के पास ले गये तो पर्ची देने वाले कर्मचारी नीलेश पटेल ने बोला कि यहां के मैनेजर एंव मालिक विवेक त्रिपाठी द्वारा कोई चिकत्सीय उपचार नहीं दिया गया है। जिस कारण समय पर कोई मदद नही मिल सकी, मजबूर होकर घायल साजन विश्वकर्मा को मोटर सायकिल में विक्टोरिया अस्पताल जबलपुर ले गये थे जहां पर डाक्टर द्वारा करीबन 5.30 बजे चैक करने पर युवक को मृत घोषित कर दिया गया ।

### बिजली का कटा हुआ तार लोहे के पाईप में लगाया था

पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि नहाते नहाते साजन विश्वकर्मा ने प्रथम पुल से दूसरे पुल में जाने के लिए लोहे के पाईप को दाहिने हाथ से पकडा था जिसमें पुल के मोटर एंव बोरिग चलाने के लिए बिजली के तार जो कि स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा थे कि उनसे पूल क्षेत्र में करंट लग सकता है, लगे हुए थे जिसमे कटे हुए तार से लोहे के पाईप में करंट आने से साजन विश्वकर्मा को बिजली का करंट लग गया था । साजन बेहोश होकर वही चिपक गया था जिसे देख कर विनीत विश्वकर्मा, अभिषेक सेन ने साजन विश्वकर्मा को लोहे के पाईप से हटाकर अलग किये थे लोहे का पाईप वही स्वीमिगं पुल के पास था जिसमें पानी होने से करंट आ सकता था जिसकी जानकारी होने के बाबजूद भी रिसोर्ट के प्रबंधक एवं कर्मचारी बिजली का कटा हुआ तार लोहे के पाईप में लगाये थे।पुल में अन्य नहाने आये रवीन्द्र विश्वकर्मा ने भी पाईप को छुने से बिजली का झटका आने की जानकारी रिसोर्ट से कर्मचारी नीलेश पटेल को दिया था।ये जानते हुये भी कि लोहे के पाईप व उस क्षेत्र से करंट आ रहा है जिससे किसी व्यक्ति की मौत होना संभावित है।तब भी रिसोर्ट के प्रबंधक व कर्मचारी द्वारा सुधार कार्य नही किया गया।

## खड़े ट्राले में घुसा ई-रिक्शा, युवक की मौत, भांजी सहित 3 घायल

**अंधमूक बायपास पर हुआ हादसा**

**जबलपुर।** भेड़ाघाट अंतर्गत अंधमूक बायपास पर हाईवे पर लापरवाही पूर्वक खड़े एक ट्राले से ई-रिक्शा की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ई-रिक्शा सवार युवक की मौत हो गई। वहीं हादसे में उसकी भांजी समेत तीन लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, शरद चौबे (34) निवासी भड़पुरा बस्ती, भेड़ाघाट ई-रिक्शा में सवार होकर भेड़ाघाट जा रहे थे। ई-रिक्शा जैसे ही अंधमूक बायपास से आगे साईं भोजनालय के पास पहुंचा, तभी



सड़क पर खड़े ट्राला क्रमांक एमपी 20 जेड पी 0423 से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा में सवार लोग दूर जा गिरे और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में शरद की छाती और पेट में गंभीर चोट आने के कारण मौत हो गई ।जबकि उसकी भांजी शानिया जैन को सिर पर गंभीर चोट आई। इसके अलावा विकास पटेल को चेहरा, पेट और कंधे और अनिल पटेल को शरीर के कई हिस्सों में फ्रैक्चर और चोटें आई है।

### एक्सीडेंट में घायल महिला ने तोड़ा दम

भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर के पास 1 अप्रैल को हुए एक्सीडेंट में घायल महिला ने गुरुवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।पुलिस के मुताबिक गुरूवार को कमलेश चक्रवर्ती 35 वर्ष निवासी सहजपुर ने सूचना दी कि उसकी मां श्रीमति कृष्णा बाई चक्रवर्ती 57 वर्ष का एक्सीडेंट 1 अप्रैल 26 को सुबह लगभग 10 बजे सहजपुर के पास हुआ था जिससे मॉ को हाथ पैर, सिर व शरीर में चोटें आ गयीं थीं जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था 11 अप्रैल को मॉ को मेडिकल से डिस्चार्ज होने के बाद बीच बीच में मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था 24 मई को पुन: मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के गुरूवार सुबह लगभग 10-30 बजे मॉ की मौत हो गई।





















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाउन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाउन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57